भर्ती एवं चयन समिति, जिला न्यायालय अंबिकापुर, छ0ग0

// सूचना //

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय अंबिकापुर की स्थापना में **भृत्य** के रिक्त पद हेतु भर्ती प्रकिया के लिये लिखित परीक्षा का आयोजन **दिनांक 29.11.2026** को सुबह 11.00 बजे कार्यालय–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय अंबिकापुर में आयोजित किया जावेगा ।

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय अंबिकापुर की स्थापना में **सहायक ग्रेड–03** के रिक्त पद हेतु भर्ती प्रकिया के लिये **कौशल परीक्षा** का आयोजन **दिनांक 29.11.2026** को 01.00 बजे कार्यालय–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय अंबिकापुर में आयोजित किया जावेगा ।

कार्यालय–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंबिकापुर की स्थापना के सहायक ग्रेड–3 के रिक्त पद हेतु कौशल परीक्षा एवं भृत्य के रिक्त पद हेतु लिखित परीक्षा के लिये पात्र पाये गये अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र कार्यालय–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंबिकापुर के बेवसाइट पर अपलोड किया जावेगा । प्रत्येक अभ्यर्थी उक्त प्रवेश पत्र को डाउनलोड कर उसका प्रिंट निकालकर लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये उस पर अपना फोटो चस्पा कर उस पर अपना हस्ताक्षर सहित लेकर आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे । किसी भी अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा हेतु कोई सूचना/प्रवेश पत्र/बुलावा पत्र पृथक से प्रेषित नहीं किया जावेगा ।

भृत्य पद के लिये प्रत्येक अभ्यर्थी लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा तिथि दिनांक 29.11.2026 को परीक्षा के निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व परीक्षा स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हो जावेंगे । लिखित परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पश्चात उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं किया जावेगा ।

भृत्य के रिक्त पद हेतु दिनांक 29.11.2026 को आयोजित होने वाले लिखित परीक्षा के लिये पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की संशोधित सूची के संबंध में यदि कोई अभ्यर्थी अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह **दिनांक 23.11.2026 को शाम 05.00 बजे** तक कार्यालयीन दिवस में कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंबिकापुर में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है, किसी भी अभ्यर्थी का कोई अभ्यावेदन डाक/ई–मेल/कोरियर या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जावेगा तथा उक्त दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले अभ्यावेदन पर भी कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

14.11.2026

अध्यक्ष, भर्ती एवं चयन समिति,
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, अंबिकापुर,
सरगुजा (छ0ग0)